**जिलाधिकारी महोदय, अयोध्या की अध्यक्षता मे जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत 'हर घर जल' के सम्बन्ध मे आहूत की गई समीक्षा बैठक दिनाक 29.05.2025 का कार्यवृत्त/दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश बिन्दु।**

दिनाक 29.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 'हर घर जल' के सम्बन्ध मे प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, टीम लीडर, टी0पी0आई0 तथा चयनित एजेंसी मेसर्स गायत्री प्रोजेक्ट लि0 एवं रैमकी (जे0वी0), हैदराबाद, मेसर्स वी0एस0ए0-एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद, मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट एण्ड इंजीनियरिंग सर्विसेज लि0, मुम्बई, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक लि0,-गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 (जे.वी.), नोएडा-201301 (उ0प्र0) के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक मे की गई चर्चा एवं दिए गए निर्देशानुसार सभी सम्बन्धित अधिकारी को निम्न बिन्दुओ पर तत्काल अपेक्षित कार्यवाही करते हुए अनुपालन आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

- जल जीवन मिशन फेज-3 कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद अयोध्या मे 540 पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया जाना है, जिसके सापेक्ष 533 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ है। विकासखण्ड-मया बाजार मे सरैया, शेरवाघाट, बनगावा, विकासखण्ड-मसौधा मे अकुवाया, मिल्कीपुर-परसावा पेयजल योजना का कार्य भूमि विवाद के कारण कार्य प्रारम्भ नही हो सका है। जिसके सम्बन्ध मे अधिशासी अभियन्ता (जल निगम) को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर कार्य प्रारम्भ करायें। विकासखण्ड- अमानीगंज में कुदुर्खाकला पेयजल योजना पर ट्यूबवेल की गहराई 165.00 मी0 के सापेक्ष मात्र 99.00 मीटर किया जाना सम्भव हो रहा है, जिसके सम्बन्ध में सहायक अभियन्ता (सि0/यॉ0) जल निगम को निर्देशित किया गया कि तकनीकी जांच करते हुए नया स्टीमेट तैयार कर कार्य प्रारम्भ करायें। विकासखण्ड-सोहावल मे मुस्तफाबाद मे जलकल परिसर मे फलदार वृक्ष अधिष्ठापित होने के कारण शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रारम्भ नही किया जा सका है, जिसके निस्तारण हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि वन विभाग से सम्पर्क स्थापित कर वृक्षो के पातन के सम्बन्ध मे कार्यवाही कराकर एक सप्ताह मे कार्य प्रारम्भ करायें।
- प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स गायत्री प्रोजेक्ट लि0 एवं रैमकी (जे0वी0), हैदराबाद द्वारा अवगत कराया गया विकासखण्ड- पूरा बाजार मे मित्रसेनपुर पेयजल योजना मे द्वितीय नलकूप के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध न हो पाने के कारण द्वितीय नलकूप का कार्य प्रारम्भ नही किया जा सका है। जिसके सम्बन्ध मे अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिया गया है कि उपजिलाधिकारी, सदर से सम्पर्क कर एक सप्ताह मे कार्य प्रारम्भ करायें।
- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान तक फेज-2 व फेज-3 के अन्तर्गत कोई भी पेयजल योजना ग्राम पंचायत को हस्तगत नही की जा सकी है। जल निगम द्वारा संचालन एवं अनुरक्षण की जा रही 04 नग पेयजल योजनाएं ग्राम पंचायत को हस्तगत की जा चुकी है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित कुल 72 पेयजल योजनाओ के समस्त अभिलेख पंचायती राज के पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है जिसमे से 32 योजनाओ का पंचायती राज की टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है।
- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान तक 258 नग पेयजल योजनाओ पर नियमित जलापूर्ति की जा रही है। जिसके क्रम मे अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) के साथ साथ समस्त सहायक अभियन्ता/ जूनियर इंजीनियर जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिया गया कि जहां जहां पम्पहाउस का निर्माण किया जा चुका है, वहां जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।
- प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स वी0एस0ए0-एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद द्वारा अवगत कराया गया कि कराये गये कार्यों का भुगतान लम्बित होने के कारण कार्य की प्रगति बाधित हुई है, जिसके



Scanned with OKEN Scanner

सम्बन्ध मे अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि रू0 1266 89 करोड़ के सापेक्ष रू0 580.00 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। जो कि कराये गये कार्यो के सापेक्ष पर्याप्त है। उक्त के सम्बन्ध मे प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स वी0एस0ए0-एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद को निर्देशित किया गया कि भुगतान का बहाना न बनाकर कार्य को प्राथमिकता पर सम्पन्न करायें।

- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि फर्मों द्वारा कार्य पर लगाये गये श्रमिको का डेटा प्रतिदिन एकत्रित करें, पर्याप्त श्रमिक की संख्या न होने पर फर्म के ऊपर एल0डी0 लगाकर कार्यवाही करायें।
- उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार जल जीवन मिशन फेज-3 कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद अयोध्या मे 540 पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया जाना है, जिसमे मेसर्स गायत्री प्रोजेक्ट लि0 एवं रैनकी (जे0वी0), हैदराबाद द्वारा निर्धारित लक्ष्य 36 नग के सापेक्ष 28 नग, मेसर्स वी0एस0ए0-एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद द्वारा निर्धारित लक्ष्य 296 नग के सापेक्ष 132 नग, मेसर्स किन्या टैसीलिक लि0,-माजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 (जे.वी.), नोएडा द्वारा निर्धारित लक्ष्य 49 नग के सापेक्ष 36 नग एवं मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट एण्ड इंजीनियरिंग सर्विसेज लि0, मुम्बई द्वारा निर्धारित लक्ष्य 159 नग के सापेक्ष मात्र 102 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण किया गया। अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित एजेंसियो को लक्ष्य के अनुरूप ससमय कार्य को पूर्ण कराने हेतु निर्देशित करें।

एजेंसीवार प्रगति की समीक्षा की गई जिसका विवरण निम्न है -

1. मेसर्स वी0एस0ए0-एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद की योजनावार समीक्षा बैठक में पाया गया कि -

   * ट्यूबवेल बोरिंग 328 नग के सापेक्ष 304 नग पूर्ण है। शेष 24 नग ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।
   * शिरोपरि जलाशय के लक्ष्य 296 नग के सापेक्ष 132 नग का कार्य पूर्ण है, जिसके संदर्भ मे अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिया गया है कि जाच कर लें 132 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण है, यदि न हो तो फर्म के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करायें।
   * पम्पहाउस के लक्ष्य 328 नग के सापेक्ष 227 नग का कार्य पूर्ण है, जिससे 186 राजस्व ग्रामों मे नियमित जलापूर्ति की जा रही है।
   * बाउण्ड्रीवाल के लक्ष्य 328 नग के सापेक्ष 255 नग का कार्य पूर्ण है। 48 नग का कार्य प्रगति पर है शेष 27 नग पेयजल योजनाओं पर बाउण्ड्रीवाल का कार्य प्रारम्भ कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
   * पाइप लाइन के लक्ष्य 7077.20 किमी0 के सापेक्ष 6233.80 किमी0 का कार्य पूर्ण है। शेष 843.40 किमी0 कार्य ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
   * फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि कि 722 नग राजस्व ग्रामों हेतु 297 पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 78 पेयजल योजनाओं से 186 नग राजस्व ग्रामों मे नियमित जलापूर्ति की जा रही है। शेष 536 नग राजस्व ग्रामों मे अतिशीघ्र नियमित जलापूर्ति किये जाने के निर्देश दिए गए।
   * सड़क/ग्रामों के पुनर्स्थापना के सम्बन्ध मे फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकतम सड़क पुनर्स्थापना का कार्य करा लिया गया है।

2. मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट एण्ड इंजीनियरिंग सर्विसेज लि0, मुम्बई की योजनावार समीक्षा बैठक में पाया गया कि -

   * ट्यूबवेल बोरिंग 164 नग के सापेक्ष 164 नग पूर्ण है।



Scanned with OKEN Scanner

* शिरोपरि जलाशय के लक्ष्य 159 नग के सापेक्ष 102 नग का कार्य पूर्ण, 146 नग का कार्य स्टेजिंग तक एवं 157 नग का राफ्ट तक का कार्य कराया गया है। 02 नग शिरोपरि जलाशय 1. विकासखण्ड– सोहावल मे मुस्तफाबाद एवं 2. विकासखण्ड– अमानीगंज मे कुर्दुखाकला पेयजल योजना पर कार्य प्रारम्भ नही है। फर्म द्वारा आश्वासन दिया गया कि 15 जुलाई, 2025 तक 158 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा एवं शेष 01 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य अगस्त, 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।
* पम्पहाउस के लक्ष्य 164 नग के सापेक्ष 152 नग का कार्य पूर्ण एवं 10 नग का कार्य प्रगति पर है तथा 02 नग पर कार्य सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त न होने के कारण कार्य प्रारम्भ नही है। सभी पम्पहाउस का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया गया।
* बाउण्ड्रीवाल के लक्ष्य 164 नग के सापेक्ष 157 नग का कार्य पूर्ण है, शेष 07 नग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
* पाइप लाइन के लक्ष्य 2310.00 किमी0 के सापेक्ष 2290.00 किमी0 का कार्य पूर्ण है। शेष 20.00 किमी0 का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
* फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 283 नग राजस्व ग्राम हेतु 132 नग पेयजल योजनाओ के सापेक्ष 233 नग राजस्व ग्रामों मे नियमित जलापूर्ति की जा रही है। शेष 50 नग राजस्व ग्रामो मे शीघ्र नियमित जलापूर्ति किये जाने के निर्देश दिए गए।
* सड़क/मार्गो के पुनर्स्थापना के सम्बन्ध मे फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकतम सड़क पुनर्स्थापना का कार्य करा लिया गया है।

3. मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक लि0,–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 (जे.वी.), नोएडा की योजनावार समीक्षा बैठक मे पाया गया कि –

* ट्यूबवेल बोरिंग 54 नग के सापेक्ष 54 नग का कार्य पूर्ण पाया गया।
* शिरोपरि जलाशय के लक्ष्य 49 नग के सापेक्ष 38 नग का कार्य पूर्ण, 49 नग का कार्य स्टेजिंग तक एवं 49 नग का राफ्ट तक का कार्य कराया गया है। शिरोपरि जलाशय के लक्ष्य के सापेक्ष समस्त कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया। फर्म द्वारा आश्वासन दिया गया कि 30 जुलाई, 2025 तक 48 नग शिरोपरि जलाशय एवं 30 अगस्त, 2025 तक समस्त 49 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।
* पम्पहाउस के लक्ष्य 54 नग के सापेक्ष 51 नग का कार्य पूर्ण एवं 01 नग का कार्य प्रगति पर है तथा 02 नग पर कार्य प्रारम्भ नही है। सभी पम्पहाउस का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया गया।
* बाउण्ड्रीवाल के लक्ष्य 54 नग के सापेक्ष 51 नग का कार्य पूर्ण है, 01 नग का कार्य प्रगति पर है एवं 02 नग का कार्य प्रारम्भ नही है। सभी शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
* पाइप लाइन के लक्ष्य 854.00 किमी0 के सापेक्ष 818.00 किमी0 का कार्य पूर्ण है। शेष 28.00 किमी0 का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
* फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि कि 94 नग राजस्व ग्रामो हेतु 48 पेयजल योजनाओ मे 21 योजनाओ से 24 नग राजस्व ग्रामों मे नियमित जलापूर्ति की जा रही है। शेष 70 नग राजस्व ग्रामो मे शीघ्र नियमित जलापूर्ति किये जाने के निर्देश दिए गए।
* फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 12 नग पेयजल योजनाओ को ग्राम पंचायत को हस्तगत किये जाने हेतु आवेदन किया जा चुका है।
* सड़क/मार्गो के पुनर्स्थापना के सम्बन्ध मे फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकतम सड़क पुनर्स्थापना का कार्य करा लिया गया है।



Scanned with OKEN Scanner

4 मेसर्स गायत्री प्रोजेक्ट लि० एवं रैमकी (जे०वी०), हैदराबाद की योजनावार समीक्षा बैठक में पाया गया कि –

* ट्यूबवेल बोरिंग 46 नग के सापेक्ष 45 नग पूर्ण है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि भिखरेनपुर पेयजल योजना विकासखण्ड– पूरा बाजार में द्वितीय ट्यूबवेल हेतु भूमि विवाद होने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है।
* शिरोपरि जलाशय के लक्ष्य 38 नग के सापेक्ष 28 नग का कार्य पूर्ण, 35 नग का कार्य स्टेजिंग तक एवं 36 नग का राफ्ट तक का कार्य कराया गया है। शिरोपरि जलाशय के लक्ष्य के सापेक्ष समस्त कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया।
* पम्पहाउस के लक्ष्य 46 नग के सापेक्ष 44 नग का कार्य पूर्ण है। 01 नग पम्पहाउस पर कार्य प्रारम्भ है, शेष 01 पम्पहाउस का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया गया।
* बाउण्ड्रीवाल के लक्ष्य 46 नग के सापेक्ष 44 नग का कार्य पूर्ण है। शेष कार्य ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
* पाइप लाइन के लक्ष्य 416.74 किमी० के सापेक्ष 424.06 किमी० का कार्य पूर्ण किया गया है।
* फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि कि 46 नग राजस्व ग्रामों हेतु 36 पेयजल योजनाओं में से 32 योजनाओं से 42 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है, 02 राजस्व ग्रामों में राष्ट्रीय राजमार्ग के एवं 02 नग ग्रामों हेतु रेलवे क्रासिंग का अनापत्ति प्रमाण पत्र न मिलने के कारण जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं हो सकी। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से एवं रेल विभाग से सम्पर्क स्थापित कर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर शेष 04 नग राजस्व ग्रामों में शीघ्र नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ करायें।
* सड़क / ग्रामों के पुनर्स्थापना के सम्बन्ध में फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकांश सड़क पुनर्स्थापना का कार्य करा लिया गया है।

5 आई०ई०सी० –

श्री अनुराग वर्मा, सी०बी० एण्ड टी०, डी०पी०एम०यू० द्वारा अवगत कराया गया कि 390 पम्पहाउस के सापेक्ष 381 पम्पहाउस पर आई०ई०सी० संस्था मै० सक्षम के द्वारा पम्पहाउस पर पेंटिंग का कार्य कराया जा चुका है। जिसके सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि आई०ई०सी० के पेंटिंग के कार्यों की जांच कराकर सुनिश्चित करें एवं शेष सभी पम्पहाउस पर पेंटिंग का कार्य पूर्ण करायें।

6 आई०एस०ए० –

श्री इन्द्रभूषण वर्मा, डीसीओ, डी०पी०एम०यू० द्वारा अवगत कराया गया कि प्लानिंग एवं मोबलाईजेशन फेज का कार्य कराया जा चुका है। वर्तमान में भी आई०एस०ए० संस्थाओं द्वारा कार्य कराया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जानकारी चाही गई कि एफ०टी०के० महिलाओं का चयन किस आधार पर किया गया जिस पर डीसीओ, डी०पी०एम०यू० द्वारा अवगत कराया गया कि समूह की महिलाएं एवं ग्राम प्रधान द्वारा नामित महिलाओं को नामांकित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि सभी एफ०टी०के० महिलाओं को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुनः पानी की जांच की एवं पोर्टल पर अपलोड करने की ट्रेनिंग प्रदान की जाय।

इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि लो०नि०वि० द्वारा जल जीवन मिशन की पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है जिसके सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त की सूचना [illegible] में प्रेषित करें, यदि एक सप्ताह में लो०नि०वि० द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती



Scanned with OKEN Scanner

है तो मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को यह भी निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पी0आई0यू0, वन विभाग के डी0एफ0ओ0 के साथ एक सप्ताह मे बैठक का आयोजन करे जिससे जल जीवन मिशन से सम्बन्धित समस्यो का निस्तारण हो सके। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि डी0पी0आर0ओ0 एवं अपर मुख्य अधिकारी को व्हाट्सएप ग्रुप मे एड करे तथा पम्प संचालन मे आपरेटर फीमेल को रखा जाय एवं सभी पेयजल योजना के कैम्पस मे 15 वृक्षों का रोपण करायें।

समस्त चारो फर्मो को निर्देश दिए गए कि जिन पेयजल योजनाओ पर पम्पहाउस का निर्माण कार्य पूर्ण है उन योजनाओ पर जलापूर्ति प्रारम्भ करे।

## कार्यालय– मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या

पत्रांक 1930 / M-27 / 76 दिनांक : 12/06/2025

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1 जिलाधिकारी महोदय, अयोध्या।
2 अधीक्षण अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
3 अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
4 समस्त उपजिलाधिकारी, अयोध्या को इस आशय से प्रेषित कि अपने से सम्बन्धित क्षेत्र की योजनाओ मे भूमि उपलब्ध नही है अथवा भूमि विवादित है, का निस्तारण कराने का कष्ट करे।
5 डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर, डी0पी0एन0यू0, अयोध्या।
6 टीम लीडर, टी0पी0आई0, अयोध्या यूनिट।
7 मेसर्स गायत्री प्रोजेक्ट लि0 एवं रैनकी (जे0वी0), हैदराबाद, मेसर्स वी0एस0ए0– एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद, मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट एण्ड इंजीनियरिंग सर्विसेज लि0, मुम्बई, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक लि0,–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 (जे.वी.), गोरखपुर (उ0प्र0)।

Digitally signed by Krishan Kumar Singh
Date: 09-06-2025 19:15:
(कृष्ण कुमार सिंह)
मुख्य विकास अधिकारी
अयोध्या।

Scanned with OKEN Scanner